# फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें : डॉ. गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें उन्होंने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने स्वामित्व योजना, कुसुम योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, एन.एफ.एस.ए. की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं आमजन हेतु पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने समर कंटीजेंसी प्लान के तहत जल परिवहन, ट्यूबवेल, हैंड पंप मरम्मत आदि कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। जिला कलैक्टर ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए मिशन हरियालो राजस्थान का आयोजन किया जायेगा जिसके तहत वृक्षारोपण के आवंटित लक्ष्यों की समयबद्धता के साथ प्राप्ति सुनिश्चित करें।

जिला कलैक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।


जालोर के कलैक्ट्रेट में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के. गावंडे ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत सहित कई अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील उपशाखा के चुनाव निर्विरोध

**सायला**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा सायला का वार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकारिणी के चुनाव राउमावि सायला में प्रदेश महामंत्री मेघसिंह और सेवानिवृत शिक्षक हबताराम मेघवाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी ने बताया कि शिक्षक संघ प्रगतिशील शिक्षा, शिक्षार्थी और शिक्षक हितों के लिए संघर्ष करने वाला संगठन है। अकबर खान ने पुरानी पेंशन योजना को जारी रखने, आठवें वेतन आयोग के गठन, निजीकरण को लेकर जागरूक रहने एवं संघ को मजबूत करने की बात रखी। वार्षिक अधिवेशन में ब्लॉक मंत्री अशोक लुहार द्वारा प्रतिवेदन एवं आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

इसके बाद उपशाखा की नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष अमराराम चौधरी, मंत्री कांतिलाल मेघवाल, सभाध्यक्ष अजीतसिंह, उप सभाध्यक्ष मुकनाराम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिन्दू खान, उपाध्यक्ष महेश चौधरी और बलबीर डाबली, कोषाध्यक्ष अशोक लुहार, माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि कवराराम रिणवा, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि वालाराम चौधरी को नियुक्त किया गया। अरविंद पारंगी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान डूंगराराम राणा, प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश जीनगर, भंवरसिंह, छगनलाल जीनगर, बलबीर, गुलाम खान, सुरेंद्र, जितेंद्र कुमार, महेश चौधरी सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# वीर वीरमदेव सोनगरा चौहान का बलिदान दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)।वीर शिरोमणी, हिन्दू कुलभूषण, जालोर की आन बान शान के प्रतीक महारावल वीर वीरमदेव सोनगरा चौहान के 713 वें बलिदान दिवस (वैशाख शुक्ल षष्टी) एवं जालोर पराक्रम दिवस की वर्षगांठ पर हिन्दू युवा संगठन संस्था व दी जनरल मर्चेंट एसोसियेशन की ओर से वीरमदेव चौक में उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। वही अध्यक्षता हिन्दू युवा संगठन संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की।विशिष्ठ अतिथि के नाते दी जनरल मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष जालमसिंह नरावत,भाजपा नेता दिनेश महावर,दिनेश बारोट उपस्थित थे। महेंद्र मुणोत ने वीर वीरम देव के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीरमदेव (मृत्यु 1311) जालोर राजा कान्हड़देव के पुत्र थे। अलाउद्दीन खिलजी की जालौर पर विजय दौरान उन्हें ताज पहनाया गया था, और ढाई दिन संघर्ष करते हुए अन्त में वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

सुरेश सोलंकी ने कहा कि वीरमदेव दिल्ली अलाउद्दीन खिलजी के दरबार में समझौता करने पहुंचे तब पहली बार शहजादी फिरोजा ने उन्हें अपने दरबार में देखा और देखते ही उनकी वीरता और सुंदरता पर फिदा हो गई और जिद कर बैठी थी कि अगर वह शादी करेगी तो जालोर राजा वीरमदेव के साथ वरना जीवन भर कुंवारी ही रहेगी।

इस अवसर पर जालमसिंह नरावत ने कहा कि वीर वीरमदेव सोनगरा के बलिदान को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते है।

कार्यक्रम के दौरान मूलसिंह, रमेश सेठ, सुरेश जैन, कैलाश लखारा,धर्मेंद्र पटवा, हेमेंद्रसिंह बगेडिया,मयंक देवडा, मुकेश सिंधी,सुरेश रामावत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


वीर वीरमदेव सोनगरा चौहान के 713 वें बलिदान दिवस पर वीरमदेव चौक में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

# पक्षियों के लिए परिंडे लगाए


जालोर के पास स्वरूपपुरा महादेव मंदिर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाये। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जालोर शहर के नजदीक स्वरूपपुरा महादेव मंदिर परिसर में परिंडे लगाए गए।

कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान ने बताया कि परिंडे सीनियर सेकेंडरी स्कूल वीराना के प्रधानाचार्य फिरोज खान की उपस्थिति में लगाए गए और उन परिंडे को नियमित पानी देने का संकल्प लिया गया।

पर्यावरण प्रेमी कानदास वैष्णव ने कहा कि पक्षियों के लिए दाना पानी ढूंढ पाना मुश्किल होता है ऐसे में कई बेजुबान पक्षी दाना पानी नहीं मिलने की वजह से अपनी जान गवा देते हैं। बस एक परिंडे लगाकर पक्षियों के जीवन को बचाना अपना कर्तव्य है। सभी लोग इस मुहिम में शामिल होकर पक्षियों के लिए परिंडे लगावे बेजुबान पक्षियों की सेवा ही परम सेवा है, के ध्येय को रखते हुए सभी को पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए और अधिक से अधिक परिंडे लगाना चाहिए।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर वसनाजी महाराज, कानदास वैष्णव, फिरोज खान, प्रवीण कुमार खत्री, छगनलाल टाक, हितेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## चौराऊ को सायला पंचायत समिति में ही रखने की मांग

**सायला**, (निसं)। सायला के निकट ग्राम पंचायत चौराऊ को मूल पंचायत समिति सायला में यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि उपखण्ड क्षेत्र सायला का ग्राम चौराऊ पंचायत समिति सायला के अन्तर्गत आता है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा पोषाणा को नवीन पंचायत समिति बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसमे चौराऊ को भी सम्मिलित किया जा रहा है। लेकिन चौराऊ के ग्रामीण पंचायत समिति पोषाणा में शामिल नही होना चाहते है।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत चौराऊ के रहवासीयो का सायला क्षेत्र में व्यावसायिक संबंध है और चौराऊ ग्राम की सीमाएं भी सायला से लगती हुई है। चौराऊ और सायला की भौगोलिक परिस्थितिया भी समान व एक दुसरे से एकदम जुडी है तथा चौराऊ से सायला करीबन 8 किलोमीटर की दुरी पर स्थित है। ऐसे में चौराऊ को प्रस्तावित पोषाणा पंचायत समिति में शामिल नही करने व सायला में यथावत रखने की मांग की।

# सचिन पायलट का स्वागत


जालोर के औद्योगिक ततीय चरण क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर , (कासं)। राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का जालोर से माण्डोली में आयोजित कार्यक्रम में जाते समय पूर्व सहवृत सदस्य फिरोज मेहर ने औद्योगिक ततीय चरण स्थित गरीब नवाज कॉम्प्लेक्स में स्वागत किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पायलट करीब 15 से 20 मिनट तक कॉम्प्लेक्स में रुके और इस दौरान उन्होंने अल्पाहार भी किया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, विधायक समरजीत सिंह, विधायक मुकेश भाकर, विधायक अभिमन्यु पुनिया, जोधपुर के करण सिंह उचियारा, पूर्व विधायक हीरालाल बिश्नोई, जालोर वक्फ बोर्ड के पूर्व सदर पहाडू खां, अजीज खान, एडवोकेट सकील खां, इकतार खां, विनोद चौधरी, गनी खां, वली शाह, एडवोकेट संजय खां सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। स्थानीय लोगों ने नेताों का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत करवाया। उनके आगमन पर भाद्राजून, आहोर, कानीवाडा मोड, सर्किट हाउस, भागली प्याऊ, बागरा और मांडोली सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत समारोह आयोजित किए गए।

इस अवसर पर विनय व्यास, अमीन मोयला, सलीम मोयला, मुरीद खां, मुरीद खान मेहर एडवोकेट रज्जब खोखर, जितेन्द्र कसाना सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जालोर शहर के सर्किट हाउस और आसपास के क्षेत्रों में उनका स्वागत किया।

## डॉ. गिरिजा व्यास को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी की आर से सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ गिरिजा व्यास के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद किया गया।

श्रद्धांजलि सभा के पश्चात बेठक का आयोजन कर पीसीसी के निर्देशानुसार चलाये जा रहे संविधान बचाओ अभियान के तहत जालोर जिले आगामी दिनों में किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर समस्त कांग्रेसजन से विचार विमर्श किया गया।

पूर्व अध्यक्ष जन अभाव निराकरण समिति पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, मांगीलाल प्रजापत, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जोशी,सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत, रमेश सोलंकी, लक्ष्मण सिंह सांखला, बसंत सुथार, कैलाश शर्मा, खसाराम मेघवाल, युवा नेता सुरेश मेघवाल सोनाराम मेघवाल, अनिल पंडत,भरत सुथार, कृष्ण कुमार वनिका,ओम प्रकाश चौधरी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## 14.70 लाख पौधे बांटेंगे

**जालोर**, (कासं)। मिशन हरियालो राजस्थान के तहत जिले में वन विभाग द्वारा 14.70 लाख पौधे तैयार कर वितरण किए जाएंगे।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट भाषण की घोषणा बिन्दु सं. 45(1) के अनुसार मल्टी सेक्टरल प्रोग्राम के रूप में मिशन "हरियालो राजस्थान" को साकार करने की घोषणा कर प्रदेश में प्रतिवर्ष 10 करोड़ पौध वितरण कर लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत जालोर जिले में वन विभाग द्वारा 14.70 लाख पौधें तैयार किए जा रहे हैं जिसमें 12.65 लाख पौधे गोचर/ओचर/चारागाह, विभिन्न शहरी क्षेत्रों (नगर परिषद, नगरपालिका), संस्थागत एवं निजी भूमि पर तथा वन भूमि पर लगाए जाएंगे तथा शेष पौधे आमजन को उपलब्ध करवाये जायेंगे।

वन विभाग द्वारा जिले में कुल 14.70 लाख पौधों के वितरण की कार्ययोजना के तहत रणछोड़ नगर नर्सरी में 1.45 लाख, माण्डवला नर्सरी में 1.40 लाख, आहोर नर्सरी में 1 लाख, सायला नर्सरी में 1 लाख, आकोली नर्सरी में 50 हजार, हातिमताई नर्सरी में 75 हजार, जुंजाणी नर्सरी में 70 हजार, जसवंतपुरा नर्सरी में 2.55 लाख, रामसीन नर्सरी में 50 हजार, रानीवाड़ा नर्सरी में 2.55 लाख, सांकड़ नर्सरी में 60 हजार, सांचौर नर्सरी में 70 हजार, डेडवा में 50 हजार व पादरली नर्सरी में 50 हजार पौधें तैयार कर 1 जुलाई से वितरण किया जायेगा।

# परिहार ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी का कार्य संभाला


विक्रम सिंह परिहार ने महाराणा प्रताप राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्य ग्रहण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मंडल पाली की ओर से हाल मे मंत्रालयिक संवर्ग सहायक प्रशासनिक अधिकारी की सम्पन्न हुई डी.पी.सी. की अनुपालना में सोमवार को कार्मिकों ने कार्य ग्रहण किया।

इसी क्रम में विक्रम सिंह परिहार ने पाली के महाराणा प्रताप रा.बालिका उच्च.माध्यमिक विद्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण किया। इससे पूर्व परिहार सेठ मुरलीधर जमनादास राजकीय उच्च माध्यमिक हाउसिंग बोर्ड मे वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत रहे।

पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाली विजेन्द्र सिंह चौहान, प्रधानाचार्य रंजना कुलश्रेष्ठ, शान्ति चौहान, तेज सिंह पंवार, दीपक सिंह भाटी, राजश्री चौहान, रावणा राजपूत समाज जिला अध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार, महिला सुरक्षा सहयोगी समिति संस्थापक कुलदीप पंवार, प्रेम सिंह परमार, एडवोकेट विक्रम सिंह भैसाणा, बाबू सिंह परिहार, किषन सिंह पंवार, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित,विनोद कुमार शर्मा, अनिता सिसोदिया, जितेन्द्र गोस्वामी, प्रकाश सिंह सोलंकी, मीठालाल चांवरिया,मोहित वैष्णव, भगवानदास बाबानी, जया कर्मचंदानी, दिनेश मीणा, आकाश सिंह सिकरवार मौजूद रहे।

## जिला पॉवर लिफ्टिंग 13 को

**जालोर**, (कासं)। जिला पावर लिफ्टिंग संघ के तत्वावधान में 13 मई को जिला स्तरीय जूनियर, सब जूनियर, सीनियर व मास्टर पुरुष व महिला प्रतियोगिता आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में शाम 6 बजे होगी।

प्रतिभागी एंट्री दोपहर 12 बजे तक दे सकेंगे। जिला पावर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य ने बताया कि पुरुष वर्ग में 53, 59, 66, 74, 83, 93,105 120, 120 महिला वर्ग में43, 47, 52, 57, 63, 69,76,84, 84 भार वर्ग के मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि सब जूनियर में सन 2008 से 2013 तक (12 से 18 आयु के),जूनियर मे 2003 से 2008(19से 23 आयु के) तथा मास्टर वर्ग सन 1985 से अधिक(40 वर्ष से अधिक) वाले भाग ले सकते है।

# पाली में कलैक्टर ने कार्यो की समीक्षा की


पाली में कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलैक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलैक्टर मंत्री ने विभिन्न विभागों की गत सप्ताह में कामकाजों व प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के समय में और अधिक सक्रिय होकर कार्य करे जिससे आमजन से जुडी दैनिक जीवन पानी ,बिजली आदि की समस्याओं का तुरंत समाधान हा सके।

बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं में विभिन्न विभागवार प्रगति , भूखंड आवटन के बारे में , राज्य सरकार की महत्वपूर्ण फलैगशिप योजनाओं के बारे में चर्चा कर आगामी दिनों में होने वाली समीक्षा के लिये आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने साथ ही ग्रीष्म ऋतु में हीटवेब, लू व तापघात से बचाव के लिए की तैयारीयों की जानकारी ली।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग से विभाग के प्रगतिरत व बकाया कामों की जानकारी , विद्युत विभाग से कनेक्शन व विधुत आपूर्ति की जानकारी पीएचईडी गर्मी के मौसम में पेयजल वितरण चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं व गर्मी के मौसम की तैयारी की जानकारी व आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने इसके साथ ही नगर निगम, यूआईटी व , बांगड चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, जल संसाधन, सहकरिता विभाग, बागवानी, कृषि उपज मंडी, डेयरी विभाग व पशुपालन विभाग के कामों और प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कृषि विभाग, हार्टीकल्चर, राजीविका लखपति दीदी ,सोलर दीदी, महिला अधिकारिता व महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, खेल, उद्योग राईजिंग राजस्थान, खनन विभाग ,रसद विभाग में एनएफएसए के बारे में कामों की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी के पंवार, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना , उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रामलाल जाट ने निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। कृषि खंड जालोर के अतिरिक्त निदेशक कृषि रामलाल जाट ने सोजत तथा पाली में भ्रमण कर कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

सहायक निदेशक कृषि पाली फूलाराम मेघवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जाट ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजनाओं के अंतर्गत तारबंदी, फार्म पॉण्ड, सिंचाई पाइपलाइन, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,जिप्सम वितरण तथा कृषि यंत्रों पर अनुदान जैसी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने किसानों को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने पर जोर दिया।

सहायक निदेशक कृषि कार्यालय सोजत के निरीक्षण पश्चात फील्ड विजिट के दौरान ग्राम धीनावास में धर्मीचंद, दीपराज, रमेशकुमार के तारबंदी तथा धाकड़ी में कृषक भंवरलाल पन्नाजी के यहां स्थाई वर्मी कंपोस्ट तथा प्लास्टिक लाइनिंग फार्म पौंड का अवलोकन किया। कृषक कानाराम से मेंहदी की खेती तथा अधिकारियों से मेंहदी प्रोसेसिंग, गुणवत्ता तथा विपणन संबंधी जानकारी प्राप्त की।

इसके अतिरिक्त उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स, प्राकृतिक खेती की संभावनाएं तथा कैच द रेन अभियान की योजनाबद्ध प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु तत्परता से कार्य करने तथा संपर्क पोर्टल सहित किसानों की समस्याओं के समय पर निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर किसानों को जागरूक करने तथा योजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सूचना माध्यमों के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया।भ्रमण के दौरान सहायक निदेशक कृषि फूलाराम मेघवाल, कृषि अधिकारी डॉ रामलाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार,सहायक कृषि अधिकारी राजश्री श्रीमाली, दिलीपसिंह, कृषि पर्यवेक्षक सीमा कुड़ी आदि साथ रहे।

# पाली जार कार्यकारिणी का विस्तार किया

**पाली**, (नि.सं.)। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ( जार ) प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, संयोजक व चुनाव प्रभारी ओम चतुर्वेदी की सहमति से पाली जिलाध्यक्ष रविन्द्र सोनी ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया।

जिला कार्यकारिणी में अमृतलाल कुमावत को संरक्षक बनाये गए, वे पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके है। साथ कार्यकारणी विस्तार में तोषचंद्र चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव अठावाल को उपाध्यक्ष, मुकेश राजा को सचिव बनाया गया है। वही गिरादड़ा के दिनेश कुमार शर्मा व फालना के सुजाराम चौधरी को जिला संगठन मंत्री बनाये गए है।

पाली जिला कार्यकारिणी में जितेन्द्र कच्छवाह, ओम नारायण पराशर (सोजत), अजयसिंह तोमर (मारवाड़ जंक्शन), मुकेश सोनी, गोपाल भाटी, धर्मेंद्र वैष्णव व हिमांशु पलोड (रानी) को कार्यकारणी सदस्य बनाए गए है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सैनी, महासचिव सुरेश पारीक व प्रदेश संयोजक राकेश शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित जार सदस्यों को बधाई देते हुए आशा प्रकट की हैं कि सभी पदाधिकारी पत्रकारों के हित में काम करके जार संगठन के विस्तार, मजबूती के लिए सहयोग करेंगे।

## पेयजल सप्लाई आज से बाधित

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर शहर में आगामी दो-तीन दिवस तक पेयजल सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग उपखण्ड के सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि 4 व 5 मई को आंधी-तूफान के कारण मुख्य स्त्रोत नर्मदा परियोजना, मुख्य हैड वर्क्स सांफाड़ा, कुआबेर व सोनपुरा पर विद्युत व्यवधान होने के कारण सप्लाई दो से तीन दिवस तक आंशिक बाधित रहेगी।